# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 11 अबुल फजल (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**
**प्रश्न 1.**
अबुल फजल का जन्म कब और कहाँ हुआ?
**उत्तर :**
अबुल फजल का जन्म 14 जनवरी, 1551 ई० को आगरा के पास हुआ था।

**प्रश्न 2.**
अबुल फजल की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
**उत्तर :**
अबुल फजल विद्वान के साथ-साथ एक कुशल सैनिक थे और कई युद्धों में सम्राट अकबर की ओर से गए और युद्ध का संचालन भी किया था। अबुल फजल शत्रु से भी कठोर वचन नहीं बोलते थे। सत्य को वे सबसे बड़ा धर्म मानते थे। इनका किसी धर्म से विरोध नहीं रहा। अबुल फजल एक सज्जन व्यक्ति थे।

**प्रश्न 3.**
अबुल फजल की हत्या की योजना किसने और कैसे बनायी?
**उत्तर :**
अबुल फजल की हत्या की योजना जहाँगीर ने, उनके दक्षिण से लौटने की खबर सुनकर बनाई।

**प्रश्न 4.**
अबुल फजल ने कौन-कौन से ग्रन्थ लिखे?
**उत्तर :**
अबुल फजल ने 'आईने अकबरी' तथा 'अकबरनामा' ग्रन्थ लिखे।